# बेतवांचल





नवभारत
भोपाल, शुक्रवार 17 अप्रैल, 2026

# खेतों की जमीन में पनप रही अवैध कालोनी

**खास बातें**

- नोटिस देने का चल रहा खेल
- शहर के आसपास 50 से अधिक अवैध कॉलोनियां
- 9 वर्षों से पानी, बिजली और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव, प्रशासन से की त्वरित कार्रवाई की मांग



**नवभारत न्यूज**
**विदिशा 16 अप्रैल, शहर में तेजी से विकसित हो रही अवैध कॉलोनियों की समस्या अब गंभीर रूप लेती जा रही है. शहर के आसपास 50 से अधिक अवैध कॉलोनियां बस चुकी हैं, जहां रह रहे लोगों को आज तक मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पाई हैं.भूमाफियाओं पर लगाम कसने और कार्यवाही के नाम पर नोटिस देने का खेल खेला जा रहा है.एक बार फिर करीब दो दर्जन के आसपास कालोनाइजर को नोटिस जारी किए गए हैं.खास बात है कि अवैध कालोनियों में बिक रहे प्लाटों की रजिस्ट्री पर रोक लगा दी गई और नामांतरण पर भी रोक लगा दी लगी होने के बाद भी भी अवैध कालोनियों में प्लाट बिक रहे है. हाल ही में सबसे ज्यादा अवैध कालोनी वायपास के पास आकार ले रहीं है.अवैध कालोनी में प्लाट खरीदकर मकान बनाने वाले लोग परेशान हो रहे हैं. अपनी समस्या को लेकर गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे गोकुल धाम कॉलोनी के बड़ी संख्या में रहवासी जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रशासन के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज कराई.**

रहवासियों ने बताया कि वे पिछले लगभग 9 वर्षों से गोकुल धाम कॉलोनी में निवास कर रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें पानी, बिजली, सड़क, नाली और सफाई जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। कॉलोनी में न तो पक्की सड़क है और न ही नियमित पेयजल व्यवस्था. बारिश के मौसम में स्थिति और भी खराब हो जाती है, जहां कीचड़ और जलभराव से आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है.

कॉलोनीवासियों का कहना है कि कई बार नगर पालिका और संबंधित विभागों को आवेदन दिए जा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। बिजली की अस्थायी व्यवस्था के सहारे लोग जीवन यापन कर रहे हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है. वहीं पेयजल के लिए दूर-दूर तक भटकना पड़ता है.

### कई कालोनी के रहवासी लगा रहे चक्कर, मांग रहे सुविधाएं

रहवासियों ने आरोप लगाया कि अवैध कॉलोनियों के प्लॉट बेचने के समय कॉलोनाइजरों द्वारा सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने का वादा किया गया था, लेकिन अब वे अपने वादों से मुकर गए हैं.इसका खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है. ज्ञापन के माध्यम से रहवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि कॉलोनी को नियमित कर जल्द से जल्द बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं. साथ ही अवैध कॉलोनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए जिम्मेदार कॉलोनाइजरों पर भी कार्रवाई की जाए. शहर में बढ़ती अवैध कॉलोनियों का मुद्दा अब प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। यदि समय रहते इस पर ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले समय में यह समस्या और विकराल रूप ले सकती है. फिलहाल रहवासियों को उम्मीद है कि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा.

### क्या कहते हैं एसडीएम

इस मामले में एसडीएम क्षितिज शर्मा का कहना है हाल ही में 20 से 22 कालोनाईजरों को नोटिस जारी किए गए हैं.अवैध कालोनी में प्लाटों की रजिस्ट्री पर पहले से ही रोक लगा रखी है.अवैध कालोनियों में नामांतरण भी नहीं किए जा रहे हैं.



## बस पलटी, डेढ़ दर्जन यात्री हुए घायल

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** सिरोंज कुरवाई मार्ग पर ग्राम भटौली के समीप गुरुवार की शाम को एक बस पलट गई. प्रारंभिक तौर पर इस घटना में करीब डेढ़ दर्जन यात्रियों के घायल होने की जानकारी मिल रही है. बाद में घायलों को उपचार के लिए स्थानीय चिकित्सालय लाया गया. जहां पर उनका उपचार किया जा रहा है.सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार सिरोंज-कुरवाई मार्ग पर ग्राम भटौली के समीप सिरोंज से बामोरीशाला की ओर जा रही एक बस गुरुवार की शाम को पलट गई. इस घटना में करीब डेढ़ दर्जन यात्री घायल हो गए. इस घटना में कई महिला, पुरुषों सहित बच्चों को चोटें आई. जिनको बाद में वाहनों से उपचार के लिए स्थानीय राजीव गांधी स्मृति चिकित्सालय लाया गया. जहां पर घायलों का उपचार किया जा रहा है.

## पुलिस के सामने दबंगई दिखाने वाले आरोपी को 24 घंटे में गिरफ्तार कर भेजा जेल

**नवभारत न्यूज**
**पठारी.** पुलिस के सामने दबंगई दिखाने वाले आरोपी पर सख्त कार्रवाई करते हुए पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपी का मुख्य मार्ग से जुलूस भी निकाला. आरोपी ने आदिवासी परिवार के साथ पुलिस की मौजूदगी में गाली-गलौज की थी और डायल 112 वाहन का ट्रैक्टर से पीछा किया था.इस घटना के बाद पठारी पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की और उसे गिरफ्तार कर लिया. पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में स्पष्ट संदेश गया है कि इस तरह की हरकतें किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएंगी.एक दिन पूर्व ग्राम कांकलखेड़ी में जमीन कब्जे के विवाद के दौरान आरोपी आकाश कुर्मी ने खुलेआम अभद्रता की थी, जिससे मौके पर तनाव की स्थिति बन गई थी. घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था, जिसके बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे थे.मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया और यह संदेश दिया कि कानून तोड़ने वालों के खिलाफ अब सीधे और सख्त कदम उठाए जाएंगे.

**एक नजर में**

### छात्रा कविता को मिली सफलता

**नवभारत न्यूज**



**सिरोंज,** शासकीय हाईस्कूल गुलाबगंज सिरोंज विद्यालय में छात्रा कविता कुशवाह ने 94.4 प्रतिशत अंक अर्जित करने पर प्राचार्य नरेन्द्र सिंह सेंगर सहित शिक्षकों ने उनके निवास पर पहुंचकर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की.

### वाहन चालकों से 69 हजार रुपए जुर्माना वसूला

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा.** नगर में चलाए गए विशेष वाहन चेकिंग अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर कार्रवाई करते हुए लगभग 69 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया.जांच के दौरान कई ऐसे वाहन पाए गए, जिनके पास न तो ड्राइविंग लाइसेंस था और न ही वाहन का बीमा कराया गया था. इसके अलावा कई जर्जर वाहन भी सड़कों पर दौड़ते मिले, जो दुर्घटना का कारण बन सकते हैं.अधिकारियों ने ऐसे वाहनों को रोककर आवश्यक दस्तावेजों की जांच की और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर मौके पर ही चालान काटकर जुर्माना वसूला.

## किसानों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं, व्यवस्था नहीं सुधरी तो होगा उग्र आंदोलन-दांगी



**नवभारत न्यूज**
**विदिशा/अहमदपुर. विदिशा विधानसभा क्षेत्र के अहमदपुर अंतर्गत जैतपुरा एवं सौंथर चना उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण करते हुए किसान कांग्रेस नेताओं ने व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल उठाए. निरीक्षण के दौरान किसानों की समस्याओं को सुनते हुए व्यवस्थाएं बेहद चिंताजनक पाई गई.**

नेताओं ने बताया कि स्लॉट बुकिंग में सैटेलाइट सत्यापन न होने के कारण किसानों को कई दिनों तक भटकना पड़ रहा है. वहीं प्रतिदिन मात्र 1000 क्विंटल तुलाई सीमा होने से लंबी कतारें लग रही हैं और किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. भीषण गर्मी के बावजूद उपार्जन केंद्रों पर छाया, पानी और बैठने जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव भी सामने आया.किसानों ने शिकायत की कि चना फसल की सैंपलिंग के दौरान एक-दो दाने तेवड़ा आने पर पूरी उपज को रिजेक्ट कर दिया जाता है, जिसे नेताओं ने अन्यायपूर्ण और मनमाना बताया.निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा कर मांग की गई कि तुलाई प्रक्रिया को पारदर्शी और समयबद्ध बनाया जाए, बिना ठोस कारण फसल रिजेक्ट करना बंद किया जाए, तुलाई क्षमता बढ़ाई जाए तथा किसानों के लिए आवश्यक सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कराई जाएं.प्रशासनिक अधिकारियों ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन देते हुए बताया कि स्लॉट बुकिंग में आ रही तकनीकी समस्या को एक-दो दिन में दूर कर लिया जाएगा.विनीत सिंह दांगी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो किसान कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी.

## विदिशा जिले में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर व्यापक चर्चा

- **सातों जनपद पंचायतों में 17-18 अप्रैल को होंगी बैठकें, प्रस्ताव पारित करने की तैयारी**

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा. नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विदिशा जिले में व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती गीता कैलाश रघुवंशी के निर्देशन में जिले की सभी सातों जनपद पंचायतों—ग्यारसपुर, विदिशा, बसौदा, कुरवाई, नटरन, गंजबासौदा एवं सिरोंज—में विशेष बैठकें आयोजित की जा रही हैं.**

जानकारी के अनुसार ये बैठकें 17 एवं 18 अप्रैल 2026 को आयोजित होंगी. इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य अधिनियम के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जनपद व ग्राम पंचायत स्तर पर प्रस्ताव पारित कर इसके शीघ्र क्रियान्वयन की मांग करना है.जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती गीता कैलाश रघुवंशी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को राजनीतिक क्षेत्र में सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है. उन्होंने सभी जनपद अध्यक्षों से अपने-अपने क्षेत्रों में इस अधिनियम के समर्थन में प्रस्ताव पारित करने का आह्वान किया.बैठकों में जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ महिला प्रतिनिधियों, छात्राओं एवं अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इस महत्वपूर्ण विषय से जोड़ा जा सके.

## डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर निकला विशाल चल समारोह

**विधायक मुकेश टंडन ने 15 लाख 75 हजार रुपए के विकास कार्यों का किया लोकार्पण**



**नवभारत न्यूज**
**गुलाबगंज. डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर सर्व समाज द्वारा गुलाबगंज में भव्य और विशाल चल समारोह निकाला गया. यह आयोजन क्षेत्र में पहली बार इतने बड़े स्तर पर देखने को मिला, जिसमें युवा वर्ग की विशेष भागीदारी रही.**

चल समारोह रेलवे स्टेशन से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों से होते हुए अंबेडकर नगर पहुंचा. इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और समाजजन शामिल हुए, जिससे पूरे नगर में उत्सव जैसा माहौल नजर आया.कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि विधायक मुकेश टंडन द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं संत रविदास महाराज की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर की गई. इसके बाद विधायक ने अपने उद्बोधन में बाबा साहब के विचारों पर प्रकाश डालते हुए समाज की मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया. उन्होंने मुक्ति धाम के लिए एक टैंकर और टीन शेड विधायक निधि से देने की घोषणा भी की.इस अवसर पर ग्राम पंचायत गूलरखेड़ी द्वारा हरिजन मोहल्ले का नाम बदलकर संत रविदास नगर रखने के निर्णय पर भी बधाई दी गई.

### 15 लाख की लागत से होगा श्मशान घाट का सौंदर्यीकरण

विधायक मुकेश टंडन ने 15 लाख रुपए की लागत से निर्मित श्मशान घाट के सौंदर्यकरण एवं निर्माण कार्य तथा 75 हजार रुपए से निर्मित महर्षि वाल्मीकि चबूतरे का लोकार्पण भी किया.कार्यक्रम में राकेश कटारे, छात्रपाल शर्मा, मुकेश चौकसे, जगदीश दांगी, सचिन यादव, ओमप्रकाश घावरी, कमल अहिरवार, रामराज दांगी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे.

## नवविवाहिता की मौत मामले में 6 दोषियों को आजीवन कारावास

**कुरवाई न्यायालय का बड़ा फैसला, दहेज प्रताड़ना में दोषी पाए गए ससुराल पक्ष के सदस्य**

**नवभारत न्यूज**
**कुरवाई. नवविवाहिता की मौत के मामले में कुरवाई न्यायालय ने बड़ा फैसला सुनाते हुए ससुराल पक्ष के 6 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. अपर सत्र न्यायाधीश आनंद गौतम की अदालत ने मामले की सुनवाई के बाद मृतिका को न्याय दिलाते हुए दोषियों को कड़ी सजा से दंडित किया.**

अभियोजन पक्ष के अनुसार घटना 25 जनवरी 2025 की है. मृतिका फिजा बी का विवाह 26 जून 2024 को शाहरुख खान के साथ हुआ था. विवाह के बाद से ही पति शाहरुख खान, फिरोजा बी, तबस्सुम बी, तस्लीम बी, जुबेर शाह और दिलशाद खान द्वारा उसे दहेज के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था.परिजनों ने बताया कि आरोपी मोटरसाइकिल की मांग करते थे और मायके से मिले सामान को कमतर बताते थे. मृतिका को मोबाइल फोन इस्तेमाल करने से भी रोका जाता था और भोजन, कपड़े तथा अन्य आवश्यक जरूरतों के लिए भी परेशान किया जाता था. लगातार प्रताड़ना के चलते फिजा बी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी.मामले में कुरवाई पुलिस ने अपराध क्रमांक 62/2025 के तहत भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं एवं दहेज प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया था. अभियोजन द्वारा प्रस्तुत गवाहों और साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने सभी आरोपियों को दोषी करार दिया.अदालत ने दोषियों को भारतीय न्याय संहिता की धारा 80(3), 85/3(5) एवं दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 4 के तहत आजीवन कारावास तथा 11 हजार 100 रुपये अर्थदंड से दंडित किया है. यह फैसला दहेज प्रताड़ना के मामलों में एक सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है.

**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील ग्रामीण खामखेड़ा विदिशा (म0प्र0)**
प्रकरण क्रमांक/0001/अ-20 (2) 2025-26

**//उदघोषणा//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रकरण में JAYANT FARMER PRODUCER COMPANY LIMITED द्वारा श्रीमान कलेक्टर महोदय के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम बल्लाखेड़ी प0ह0न0 31 स्थित भूमि सर्वे न0 29/1/2 रकवा 1.254 है0 भूमि JAYANT FARMER PRODUCER COMPANY LIMITED के नाम आवंटित किये जाने का निवेदन किया है। उक्त प्रकरण श्रीमान उपखण्ड अधिकारी महोदय के माध्यम से जॉच हेतु इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है।

इस संबंध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इश्तहार प्रकाशन होने से दिनांक 21.04.2026 के पूर्व अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 13.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मद्रा से जारी किया गया ।

**नायब तहसीलदार**
वृत्त खामखेड़ा

## भगवान परशुराम जयंती की तैयारियां तेज, ब्राह्मण समाज की बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा. ब्राह्मण समाज द्वारा प्रतिवर्ष मनाई जाने वाली भगवान परशुराम जयंती को लेकर इस वर्ष भी तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं. जयंती के सफल आयोजन के लिए बैठकों का दौर जारी है, जिसमें समाज के प्रमुख लोग सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं.**

इसी क्रम में आयोजित बैठक में जयंती के आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई. कार्यक्रम को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए एक समिति का गठन भी किया गया, जिसमें विभिन्न जिम्मेदारियां समाज के सदस्यों को सौंपी गई.बैठक में तय किया गया कि इस वर्ष भी भगवान परशुराम जयंती को धूमधाम और पारंपरिक तरीके से मनाया जाएगा. आयोजन में धार्मिक कार्यक्रमों के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों को भी शामिल किया जाएगा.जयंती को लेकर ब्राह्मण समाज में खासा उत्साह देखा जा रहा है और सभी सदस्य इसे भव्य बनाने के लिए जुटे हुए हैं.

## कन्या मंडी शाला में छात्रों को मिल रहा स्वच्छ व पारिवारिक माहौल




**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा**. शासकीय कन्या मंडी शाला में छात्र-छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण के साथ-साथ स्वच्छ और पारिवारिक माहौल प्रदान किया जा रहा है. विद्यालय में आरओ के माध्यम से ठंडा और स्वच्छ पानी उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे छात्र-छात्राओं को गर्मी के मौसम में राहत मिल रही है.

विद्यालय के शिक्षक बच्चों का ध्यान अपने परिवार की तरह रखते हैं, जिससे विद्यार्थियों को अपनापन महसूस होता है और उनकी पढ़ाई में भी सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलता है. स्कूल परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था भी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है.

शुद्ध और शांत वातावरण के बीच छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, जिससे उनकी एकाग्रता और सीखने की क्षमता में वृद्धि हो रही है. नगर में यह विद्यालय एक उदाहरण के रूप में देखा जा रहा है, जहां घर जैसा माहौल विद्यार्थियों को मिलता है.विद्यालय में बड़ी संख्या में अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग के बच्चे अध्ययनरत हैं. समाजसेवी नागरिकों का भी विद्यालय को भरपूर सहयोग मिल रहा है, जिससे व्यवस्थाएं और बेहतर हो रही हैं.



## सेंट मेरी हायर सेकेंडरी स्कूल का 10वीं सीबीएसई में शत-प्रतिशत परिणाम

**रक्षा मालवीय 96 प्रतिशत के साथ टॉपर, 10 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक किए हासिल**

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा**. सेंट मेरी हायर सेकेंडरी स्कूल, विदिशा ने कक्षा 10वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में इस वर्ष शानदार प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया है. विद्यालय के सभी 129 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सफल रहे, जिससे स्कूल में उत्साह का माहौल है.विद्यालय की छात्रा रक्षा मालवीय ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया. नंदिनी मीना ने 94.4 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि भाव्या सिंह ने 93.8 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया. राधिका दांगी ने 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान हासिल किया.विद्यालय के कुल 10 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, वहीं 20 से अधिक विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से ऊपर अंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. यह परिणाम विद्यालय की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों की मेहनत को दर्शाता है.परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय में सफल विद्यार्थियों का भव्य स्वागत किया गया.

मैनेजर फादर डॉ. जोस, प्रधानाध्यापिका सिस्टर थेरेसा एवं वाइस प्रिंसिपल अनिल वी.एस. ने विद्यार्थियों को माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका सम्मान किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की.मैनेजर फादर डॉ. जोस ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है.

**विकास पचौरी रेडियो**
84 35 250 250
मोबाइल के प्ले स्टोर पर
Vikas Pachori Radio
टाइप करके इंस्टॉल कीजिए
और लगातार 24 घण्टे
आनंद लीजिए.

**आयोजन** | **अंतर विद्यालयीन फुटबॉल प्रतियोगिता के रोमांचक सेमीफाइनल का आगाज**

## स्प्रिंगफील्ड और ट्रिनिटी की शानदार जीत, चार टीमों ने सेमीफाइनल में बनाई जगह



**नवभारत न्यूज**
**विदिशा. स्थानीय जिला खेल परिसर में स्वर्गीय प्रोफेसर के. नायर की स्मृति में आयोजित 15वीं अंतर विद्यालयीन फुटबॉल प्रतियोगिता का लीग चरण रोमांचक मुकाबलों के साथ संपन्न हो गया. अंतिम लीग मैचों में खिलाड़ियों का जोश और प्रदर्शन देखने लायक रहा.**

दिन के पहले मुकाबले में स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल ने मगधम स्कूल को 3-0 से हराया. इस जीत में शौर्य कृष्णन ने दो गोल और सत्यम ने एक गोल कर अहम योगदान दिया.वहीं दूसरे मुकाबले में ट्रिनिटी कान्वेंट स्कूल ने शासकीय धतुरिया स्कूल को 4-0 के बड़े अंतर से पराजित किया. ट्रिनिटी के खिलाड़ियों ने शानदार तालमेल का प्रदर्शन करते हुए दो-दो गोल दागे.लीग मुकाबलों के परिणामों के बाद स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल, ट्रिनिटी कान्वेंट स्कूल, वात्सल्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल और एमजीएम साकेत स्कूल ने सेमीफाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली है.प्रतियोगिता के अगले चरण में सेमीफाइनल और खिताबी मुकाबले खेले जाएंगे, जिन्हें लेकर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है.

इस अवसर पर अंबेश सोनी, कपिल बलोच, बी.एस. बुंदेला, अजय चौहान, कृष्ण कुमार शर्मा, पंकज भार्गव और रविकांत नामदेव सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे.